| प्रेस नोट–176/2026 |
|---|
| दिनांक 29.03.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद सम्भल/थाना चन्दौसी</u>**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 30 हजार रूपये नगद**
- **लूट के पीली धातु के आभूषण**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 29.03.2026 को थाना चन्दौसी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम कैथल से बुद्धनगर खण्डवा जाने वाले रास्ते पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–रवि घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया एवं एक बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है, साथ ही अलग–अलग स्थानो से 02 अन्य अभियुक्तों 2–राहुल 3–नफीस को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 30 हजार रूपये नगद, लूट के पीली धातु के आभूषण, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 24.03.2026 को थाना चन्दौसी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना चन्दौसी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण आदि लूट की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त रवि के विरूद्ध जनपद

मुरादाबाद, बदायूं, सम्भल के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग, अभियुक्त राहुल के विरूद्ध जनपद मुरादाबाद व सम्भल के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 06 अभियोग एवं अभियुक्त नफीस के विरूद्ध जनपद मुरादाबाद के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 03 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना चन्दौसी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—रवि निवासी गदरपुरा थाना बिसोली जनपद बदायूं।

2—राहुल निवासी मानपुर लाइनपार थाना मझौला जनपद मुरादाबाद।

3—नफीस निवासी त्रिलोकपुरी थाना मयुर विहार फेस—1 दिल्ली।

**बरामदगी**

1—लूट के 30 हजार रूपये नगद।

2—लूट के पीली धातु के आभूषण।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

4—01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद बुलन्दशहर/थाना खुर्जा नगर

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 01 लाख रूपये नगद आदि बरामद**

दिनांक 28/29.03.2026 की रात्रि थाना खुर्जा नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कैलाश कट के पास से अभियुक्त नियाज मौहम्मद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 01 लाख रूपये नगद आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना खुर्जा नगर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपया चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–नियाज मोहम्मद निवासी ग्राम अगौरा थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1–चोरी के 01 लाख रूपये नगद आदि।

## जनपद मेरठ/थाना लोहियानगर

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 14 दो पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 29.03.2026 को थाना लोहियानगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर एमडीए कॉलोनी के पास से 05 अभियुक्तों 1–दिलशाद उर्फ मोटा 2–नौशाद उर्फ गूगा 3–आस मोहम्मद 4–नाजिम 5–आसिफ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 14 दो पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त दिलशाद उर्फ मोटा के विरूद्ध जनपद मेरठ के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के 18 अभियोग, अभियुक्त नौशाद उर्फ गूगा के विरूद्ध जनपद मेरठ, कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के 18 अभियोग, अभियुक्त आस मोहम्मद के विरूद्ध जनपद मेरठ के विभिन्न थानो में 06 अभियोग, अभियुक्त नाजिम के विरूद्ध जनपद मेरठ के विभिन्न थानो में 04 अभियोग एवं अभियुक्त आसिफ के विरूद्ध जनपद अलीगढ़, मेरठ व कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानो में डकैती, चोरी आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना लोहियानगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–दिलशाद उर्फ मोटा निवासी ग्राम आड थाना मुंडाली जनपद मेरठ।

2–नौशाद उर्फ गूगा निवासी ग्राम आड थाना मुंडाली जनपद मेरठ।

3–आस मोहम्मद निवासी ग्राम आड थाना मुंडाली जनपद मेरठ।

4–नाजिम निवासी ग्राम पिपली खेड़ा थाना लोहियानगर जनपद मेरठ।

5–आसिफ निवासी ग्राम पिपली खेड़ा थाना लोहियानगर जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1–चोरी की 14 दो पहिया वाहन आदि।

## जनपद मेरठ/थाना लोहियानगर

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **मोबाइल टॉवर के चोरी के 237 बीबीयू उपकरण व 156 कॉपर कार्डस बरामद**

दिनांक 29.03.2026 को थाना लोहियानगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अभियुक्त शाहरूख मलिक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से मोबाइल टॉवर के चोरी के 237 बीबीयू उपकरण व 156 कॉपर कार्डस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद मेरठ, मुरादाबाद एवं पंजाब प्रान्त के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 74 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना लोहियानगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शाहरूख मलिक निवासी जाकिर कॉलोनी थाना लोहियानगर जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1–मोबाइल टॉवर के चोरी के 237 बीबीयू उपकरण व 156 कॉपर कार्डस।

## जनपद चन्दौली/थाना सैयदराजा

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 70 लाख रूपये कीमत की 407 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **01 ट्रक आदि बरामद**

दिनांक 28.03.2026 को थाना सैयदराजा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम जेठमलपुर तिराहा एनएच–19 हाईवे पर चेकिंग

के दौरान अभियुक्त हरिओम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 70 लाख रूपये कीमत की 407 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, 01 ट्रक आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना सैयदराजा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–हरिओम निवासी ग्राम कोटा थाना कोतवाली देहात जनपद शिवपुरी मध्यप्रदेश।

**बरामदगी**

1–लगभग 70 लाख रूपये कीमत की 407 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब।

2–01 ट्रक आदि।

———————